CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:55 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:21 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 285 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 12 मई 2026

अजय देवगन की 'दृश्यम 3'...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में झटके 69 स्वर्ण पदक

अल्मोड़ा। डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एंड पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन अल्मोड़ा की ओर से आयोजित दो दिवसीय जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के 125 प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में रानीखेत, चौखुटिया और अल्मोड़ा के खिलाड़ियों ने 69 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। एसोसिएशन के सचिव प्रदीप कुमार जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता के 44 स्वर्ण, नौ रजत और आठ कांस्य पदक के साथ स्पोर्ट्स ताइक्वांडो अकादमी ने चैंम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं ब्लैक पैंथर नंदा देवी ताइक्वांडो क्लब दूसरे और रानीखेत ताइक्वांडो स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। बताया कि प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यहां मुख्य अतिथि प्रदेश समिति सदस्य रौतेला, कमल कुमार बिष्ट, प्रदीप कुमार जोशी, हरीश कनवाल, विनीत बिष्ट, कुंदन कुमार बिष्ट, जमन बिष्ट, आशीष वर्मा आदि थे।

### कोट भ्रामरी मंदिर में हुआ जगदीशिला डोली का भव्य स्वागत

गरुड़/बागेश्वर। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली गढ़वाल मंडल से कुमाऊं में प्रवेश कर गई है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार ग्वालदम और गरुड़ के मां कोटभ्रामरी मंदिर में डोली का भव्य स्वागत किया गया। आज डोली बागनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी। दोपहर बाद यहां से कांडा होते हुए पिथौरागढ़ जिले को रवाना होगी। पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में जगदीशिला डोली यात्रा का आयोजन किया जाता है। यात्रा टिहरी गढ़वाल के बिसौन पर्वत स्थित बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला मंदिर से शुरू होती है। इस साल 27वीं डोली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। डोली यात्रा प्रदेश के सभी 13 जिलों से गुजरती है। 45 दिन की इस यात्रा में डोली विभिन्न मंदिरों से होकर गुजरती है।

# नीट रद्द: गेस पेपर में आए 410 में से 120 सवाल परीक्षा में आए थे

नई दिल्ली | एजेंसी

नीट एक ऑफलाइन परीक्षा है, जो ग्रेजुएट स्तर पर मेडिकल संस्थानों में एडमिशन के लिए आयोजित कराई जाती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इसका आयोजन करती है। पहले इस परीक्षा को अखिल भारतीय प्री मेडिकल परीक्षा (एआईएमपीटी) के नाम से जाना जाता था, लेकिन साल 2017 से नीट ने एआईपीएमटी की जगह ले ली है।

केंद्र सरकार ने नीट यूटी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है।



सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है। यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का एलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी।

### असम में चार विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

# एनडीए 3.0 का आगाज, हिमंत बिस्वा दूसरी बार बने मुख्यमंत्री

नई दिल्ली | एजेंसी

हिमंत बिस्वा सरमा ने शानदार चुनावी जीत के बाद दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर असम में एनडीए 3.0 की शुरुआत कर दी। उनके साथ चार मंत्रियों ने भी कार्यभार संभाला है।

असम विधानसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सीएम सरमा के शपथ लेने के साथ ही असम में एनडीए 3.0 का आगाज हो गया है। गुवाहाटी के खानापारा में आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। इनके साथ ही भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस पल के गवाह बने।



असम में यह एनडीए की लगातार तीसरी सरकार है। मुख्यमंत्री सरमा के साथ चार मंत्रियों ने भी पद की शपथ ली। इनमें भाजपा से रामेश्वर तेली और अजंता नियोग शामिल हैं। सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) से अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) से चरण बोरो को कैबिनेट में जगह मिली है। वहीं, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार दास विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार होंगे।

इस चुनाव में एनडीए ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। गठबंधन ने 126 में से 101 सीटों पर कब्जा कर तीन-चौथाई बहुमत हासिल किया। इसमें भाजपा गठबंधन को 81 सीटें मिलीं, जबकि एजीपी और बीपीएफ ने 10-10 सीटें जीतीं।

खुद हिमंता बिस्वा सरमा ने 80,000 से अधिक वोटों के बड़े अंतर से अपनी सीट जीती। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग और डबल इंजन विकास मॉडल को दिया। मुख्यमंत्री सरमा के साथ उनके मंत्रिमंडल के चार मंत्रियों ने भी शपथ ली।

# महिला उपनिरीक्षक को धमकाने और वाहन चढ़ाने के प्रयास का आरोप, आरोपी के खिलाफ तहरीर

हल्द्वानी | हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- टीम पर कार चढ़ाने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया

कोतवाली क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक महिला एस आई से अभद्रता, जान से मारने की धमकी देने और सरकारी टीम पर कार चढ़ाने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली में तैनात महिला एस आई आरती की ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक कोतवाली में लगी थी। देर रात वह होमगार्ड कुबेर और सरकारी वाहन चालक सीपी मोहम्मद अजहर के साथ नैनीताल रोड तिकोनिया क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रही थीं। इसी दौरान बदमाश कबाब की दुकान के पास कार खड़ी मिली, जिसके शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी। पुलिस टीम द्वारा वाहन की जांच कर शीशों से काली फिल्म हटाई गई। आरोप है कि इस दौरान वाहन चालक ने महिला एस आई से बहस करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि वह उनका ट्रांसफर करा देगा, वर्दी उतरवा देगा तथा जान से मार देगा।

तहरीर के मुताबिक जब एस आई ने चालान मशीन लेकर वाहन का फोटो खींचकर चालान की कार्रवाई करने लगीं तो चालक ने तेज रफ्तार से वाहन बढ़ाकर पुलिस टीम पर चढ़ाने का प्रयास किया। हालांकि एस आई और उनके साथ मौजूद पुलिसकर्मी तत्काल पीछे हट गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना की पूरी फुटेज पास स्थित दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। मौके पर जुटे लोगों से पूछताछ में आरोपी की पहचान लवजीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी मोटाहल्दू, लालकुआं, के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी पर राजकीय कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक को धमकाने तथा जानलेवा हमला करने के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# पिकअप की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

हल्द्वानी | हमारे संवाददाता

मंडी क्षेत्र में गोल्डन ग्रीन नर्सरी के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसे में घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय मासूम की पिकअप वाहन के टायर के नीचे आने से मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि बच्ची के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, कुंदन सिंह अपनी पत्नी गीतांजली और इकलौती बेटी काव्या के साथ बरेली रोड स्थित मंडी के पास किराये के मकान में रहते हैं। उनके पड़ोस में पिकअप चालक सुरेश चिलवाल रहता है। बताया जा रहा है कि काव्या अक्सर पड़ोसी सुरेश के पास खेलने चली जाती थी। रविवार को काव्या घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान सुरेश काम पर जाने के लिए अपनी पिकअप को बैक कर रहा था। वाहन पीछे करते समय उसकी नजर मासूम पर नहीं पड़ी और काव्या पिछले टायर की चपेट में आ गई।

हादसे के बाद परिजन और आसपास के लोग गंभीर हालत में बच्ची को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बनभूलपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। थानाध्यक्ष डीएस फर्त्याल ने बताया कि मामले में अभी तक चालक के विरुद्ध कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी से सड़कों पर गिरे पेड़ और यूनिपोल, दीवारें तक ढह गईं, बिजली ठप

यूपी | एजेंसी

बरेली में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे अचानक बदले मौसम के बाद आंधी-बारिश ने तबाही मचा दी। आंधी इतनी तेज थी कि पेड़ उखड़ कर सड़कों पर गिर गए। कई कारें भी चपेट में आ गईं। आंधी-बारिश के दौरान शहर से लेकर देहात तक नुकसान हुआ है।

बरेली में मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। करीब साढ़े दस बजे तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, तेज आंधी ने जिलेभर में भारी तबाही मचाई। शहर में मालियों की पुलिया के पास एक यूनिपोल गिर गया। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया।



इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ गिर गए हैं। आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। आंधी के दौरान मुरादाबाद और रोजा के बीच ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त होने से रेल यातायात भी बाधित रहा। आंधी के दौरान सेटेलाइट पुल की सर्विस सड़क पर पेड़ गिर गया। विकास भवन के पास सड़क पर गुजर रही कार पर पेड़ गिरा, वहीं शाहजहांपुर सड़क पर भी एक अन्य कार पर पेड़ गिरने की घटना हुई। गनीमत रही कि दोनों ही जगह कार चालक सुरक्षित बच गए।

संजय नगर में होली चौराहे के पास बंटी ठाकुर वाली गली में आंधी से पीपल का पेड़ दो मकान पर गिर गया, जिससे मकानों को नुकसान हुआ है। स्टेडियम के सामने पेड़ गिरने से एक कार चकनाचूर हो गई। वन विभाग की टीमों ने गिरे हुए पेड़ों को हटाने का काम शुरू कर दिया।

आंधी के दौरान कलक्ट्रेट रोड पर लगा बड़ा साइन बोर्ड एक तरफ झुक गया। इसके कारण इस रोड की एक लेन पर यातायात बंद करा दिया गया। आंधी के दौरान बरेली कॉलेज के पास नगर निगम के बाजार की दीवार ढह गई। गनीमत रही कि दीवार की चपेट में कोई नहीं आया। करीब 20 मिनट तक तेज आंधी के साथ हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

# कमिश्नर रावत को निरीक्षण में मिली नैनीताल में कई खामियां

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय तथा तहसील कार्यालय एवं निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विभिन्न लंबित राजस्व वादों, अभिलेखों के रखरखाव तथा कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने धारा 229-बी के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान संज्ञान में आया कि कुछ प्रकरण 15 से 20 वर्षों से लंबित हैं। इस पर आयुक्त ने उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि पुराने मामलों में अनावश्यक लंबी तिथियां न दी जाएं तथा त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक सप्ताह में तिथि देकर लंबित वादों का निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने 176 से संबंधित वाद जो संपति बंटवारे के मामले हैं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद भी संबंधित



पटवारियों द्वारा कुर्रे दाखिल नहीं किए गए हैं।

इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा 143 भूमि अकृषक किए जाने संबंधित विभिन्न प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण से संबंधित आवेदनों की जानकारी लेते हुए पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया।राजस्व अहलमद रोहित पालीवाल द्वारा 143 से संबंधित प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी न रखे जाने व संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने व पत्रावलियों एवं अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न किए जाने सहित कार्यों में लापरवाही बरतने पर कुमाऊं आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी नैनीताल को संबंधित कार्मिक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश उपजिलाधिकारी नैनीताल को दिए।

निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा इस संबंध में विभिन्न राजस्व निरीक्षक उप निरीक्षकों के द्वारा भी समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में उपजिलाधिकारी को ऐसे राजस्व निरीक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें भी प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा सममन तामिली पंजिका, इश्तहार पंजिका एवं विभिन्न पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। इस संबंध में समय पर कार्य न किए जानेए कार्यों की समीक्षा न किए जाने व लापरवाही बरतने पर उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को भी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि आज ही तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों एवं उप निरीक्षकों के साथ तहसील में बैठकर



143 से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे जबतक कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक कार्यालय खुला ही रहेगा और अद्यतन रिपोर्ट उन्हें मुहैया कराएंगे।

आयुक्त ने धारा 143 के अंतर्गत लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की तथा विलंब के कारणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा कार्यालयों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ न्यायालय में लंबित राजस्व वादों की जानकारी लेते हुए दर्ज वादों एवं निस्तारण मामले के बारे में बार.बार बस्ता स्थिति के बारे में उन्होंने 229 बी के मामलो के बारे में वर्ष 2002 से भी लंबित विभिन्न प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिए कि पुराने वादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु सप्ताह में अथवा तीन.तीन दिन में डेट लगाकर इनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इसके उपरांत आयुक्त ने सब.रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं रजिस्ट्री दस्तावेजों के रखरखाव में अनियमितताएं पाई गईं। जिसमें जमीन की रजिस्ट्री होने के उपरांत संबंधित क्रेता को रजिस्ट्री देने हेतु कार्यालय में रिसिविंग हेतु पंजिका मुहैया न होना तथा अनेक रजिस्ट्री जो हुई भी उनकी विवरण मौके पर मुहैया न होना भी पाया गया। जिसपर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ए दस्तावेजों एवं अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव के निर्देश दिए। तथा भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न बरतने के साथ ही इस संबंध में सब.रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।




# नारी साधना भी है और शक्ति भी: खष्टी बिष्ट

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

दुनिया की आधी आबादी महान नारी शक्ति है जिसने समय समय पर समाज को परिमार्जित किया, एक निश्चित उद्देश्य की तरफ़ बढने के लिए प्रेरित किया और शक्ति प्रदान की।

नारी शक्ति दुनिया को एक सतमार्ग की तरफ़ लेकर आई और मानवता का मार्ग प्रशस्त किया।उ सी मातृ शक्ति को नमन करते हुए महिला कांग्रेस के द्वारा भवाली में मातृ शक्ति सममान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती खुष्टी बिष्ट ने की।

उन्होंने बताया कि मातृ शक्ति के संघर्ष की कहानी बहुत लंबी है। उनके संघर्ष से ही समाज को एक निश्चित दिशा मिल पाई है। इस मौके पर हीरा कार्की,आसमा परबीन, निशा बिष्ट, माया पंत को पुष्प गुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़कर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफ्ल संचालन ऋतु ने किया।

# मिशन 2027 की तैयारियों में जुटे पार्टी कार्यकर्ता

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को नैनीताल विधानसभा के भीमताल विकास खंड के गांव कुलेडी, खमारी,घटगढ व नलनी गांवों में भ्रमण कर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 में प्राथमिकता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत किए जाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने वर्तमान में डबल इंजन सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार पर बल दिया। इस दौरान राजेंद्र सिंह कठायत, हेम बहुखंडी, चंदन कनवाल,पूरन ध्यानी,कृष्णानंद ध्यानी, कमला आर्या,केशव पंत,पितामबर बुधलाकोटी, विनोद,रमेश ध्यानी, यशवंत बिष्ट व हरेन्द आदि लोग मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### विगत तीन माह से वेतन नहीं अब गुरुजन करेंगे आंदोलन

**नैनीताल** । जिले के आशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी विगत तीन माह से वेतन की बाट जोह रहे हैं तथा उनका परिवार आर्थिक संकट का सामना करने को बाध्य है। मध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि यथाशीघ्र अगर आर्थिक संकट से जूझ रहे शिक्षकों की समस्या का समाधान नही किया गया तो संघ आंदोलन को मजबूर होगा। कहा कि अशासकीय विद्यालयों के प्रति सरकार का सौतेला व्यवहार हमेशा ही आर्थिक संकट का कारण बनता है। कहा कि संघ इसे किसी भी दशा मे बर्दास्त नही करेगा।

### जिला कारागार नैनीताल में 127 कैदियों की हुई टीबी जांच

**नैनीताल** । भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कारागार नैनीताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नेक्को, अलायंस इंडिया एवं शारदा संस्था के सहयोग से सभी बंदियों की हैंड एकस रे के माध्यम से टीबी जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समय.समय पर इस तरह के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि रोग की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। जिसके तहत सोमवार को नैनीताल जेल में यह शिविर लगाया गया। जिसके तहत 127 कैदियों की एकसरे जांच की गई। जिसमें नौ की बलगम जांच भी की गई। शिविर को सफल बनाने में जिला कारागार अधीक्षक संजीव ह्यांकी, फ ार्मासिस्ट संजय नैनवाल, अलायंस इंडिया के प्रोग्राम ऑफिसर अनिल रावत, कोऑर्डिनेटर दीपकए एसटी भूपेंद्र सिंह दरमाल और शारदा क्रॉस के टेकनीशियन धर्मेंद्र और इरफान की अहम भूमिका रही।

### छुट्टी के बाद जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**नैनीताल** । रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में सुबह से ही पंजीकरण काउंटर और ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। बता देंनैनीताल में बलते मौसम के बीच लोग बीमार बढने लगा है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की संखया बढने लगी है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सोमवार को कुल 532 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचे। वहीं भर्ती मरीजों की संखया में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोमवार को अस्पताल में 52 मरीज भर्ती रहे। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि छुट्टी के बाद सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या अधिक रही। अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखी गई हैं।

### बस संचालकों के प्रत्यावेदन पर विधि के अनुसार निर्णय ले परिवहन निगम:हाईकोर्ट

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यूपी के बस संचालकों को काशीपुर से मुरादाबाद रूट पर बस संचालन में हो रही दिक्कतों के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए परिवहन निगम उत्तराखंड को निर्देश दिए हैं कि बस संचालकों के प्रत्यावेदन पर विधि के अनुसार निर्णय लेकर यह सुनिश्चित करें कि इनको इस रूट पर बस संचालन के लिए परमिट दिया जाय या नही, इनको अवगत कराएं।

### उत्तराखंड लोअर सब ऑर्डिनेट सेवा परीक्षा-2024 से संबंधित विभिन्न याचिकाओं को हाईकोर्ट ने किया खारिज

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड लोअर सब ऑर्डिनेट सेवा परीक्षा-2024 से संबंधित विभिन्न याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि याचिकाकर्ताओं के मुखय परीक्षा में सफ ल न होने के कारण अब इन याचिकाओं का औचित्य समाप्त हो गया है। बता दें न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने इन मामलों की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि अब राहत प्रदान करने का कोई कानूनी आधार शेष नहीं बचा है।मामले के अनुसार उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लोअर सब ऑर्डिनेट सेवा परीक्षा-2024 की प्रारंभिक परीक्षा के दो वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तरों की सटीकता को आरजू राणा,अभिनव गौड़,चंद्रशेखर, मनीष जोशी तथा विवेक राणा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# युवक की हत्या कर खाई में फेंकने के मामले में दो गिरफ्तार

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र में दर्ज दीपक उपाध्याय उर्फ दिनेश की हत्या मामले में पहले गिरफ्तार मुख्य आरोपी के बाद अब पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को शौर्य रिसोर्ट भुजियाघाट के जनरल मैनेजर भावेश पांडे ने थाना तल्लीताल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके होटल में कार्यरत दीपक उर्फ दिनेश उपाध्याय 22 अप्रैल को छुट्टी लेकर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि वह घर भी नहीं पहुंचा। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। एसओ मनोज नयाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने एसडीआरएफ , फायर सर्विस तथा डॉग स्क्वाड और ड्रोन की मदद से सर्च अभियान चलाया। उसके साथियों से पूछताछ व साथ ही सीसीटीवी फुटेज



खंगाले गए और घटना के दिन साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। जिसके बाद लापता युवक का शव 27 अप्रेल को खाई में मिला। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने भारी मात्रा में शराब का सेवन किया था।

पूछताछ में मुखय आरोपी कमल सिंह बिष्ट निवासी सौड़ ने स्वीकार किया कि नशे की हालत में दीपक उर्फ दिनेश उपाध्याय से उसका विवाद हो गया था जिसके बाद गुस्से में आकर उसे गहरी खाई में धक्का दे दिया गया। जिस पर कमल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था लेकिन दो अन्य दोस्तों से पूछताछ की जा रही थी।

एसओ मनोज नयाल ने बताया कि युवक की मौत मामले में पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए सौड़ निवासी रोहित सिंह बिष्ट और रोहित सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# अभिमत

## कर्ज का बोझ

*आर्थिक स्थिति के अनुसार कर्ज लेने की गति बढ़ने को सकारात्मक माना जा सकता है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने जमा होने वाली राशि में कमी को चिंताजनक माना है। बैंक कर्ज के साथ जमा को भी प्रोत्साहन देकर संतुलन स्थापित करते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाए जाने के बाद भी जमा राशि में बड़ा सुधार नहीं हुआ। दुनिया में कई देशों के बीच युद्ध से भारत प्रभावित हो रहा है। सरकार युद्ध से किसी भी तरह की परेशानी से इन्कार कर रही है, जबकि हर चीज महंगी हो गई है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग के लिए बचत करना मुश्किल हो रहा है।*

बुजुर्गों ने अनुभव के आधार पर जो सीख दी है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए हमेशा लाभदायक होती है। कहावत है कि कर्ज लेकर घी पीने वाले कभी तरक्की नहीं कर सकते। केन्द्र सरकार का दावा है कि विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत अग्रसर है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। यह दोनों बातें प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व करने योग्य हैं। देश की आर्थिक स्थिति में सुधार से हर व्यक्ति लाभान्वित होता है। भारत की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। लोगों में कर्ज लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है। आर्थिक स्थिति के अनुसार कर्ज लेने की गति बढ़ने को सकारात्मक माना जा सकता है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने जमा होने वाली राशि में कमी को चिंताजनक माना है। बैंक कर्ज के साथ जमा को भी प्रोत्साहन देकर संतुलन स्थापित करते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाए जाने के बाद भी जमा राशि में बड़ा सुधार नहीं हुआ। दुनिया में कई देशों के बीच युद्ध से भारत प्रभावित हो रहा है। सरकार युद्ध से किसी भी तरह की परेशानी से इन्कार कर रही है, जबकि हर चीज महंगी हो गई है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग के लिए बचत करना मुश्किल हो रहा है। महंगाई से जरूरतों को पूरा करने में परेशानी हो रही है। हर तरह के कर्ज में वृद्धि हुई है। ऋण में वृद्धि का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि अतिरिक्त जोखिम भार हटाए जाने के बाद बैंकों ने खुलकर कर्ज देना शुरू कर दिया। गैर-बैंकिंग कंपनियां सबसे अधिक कर्ज दे रही हैं। नब्बे के दशक में पूरे देश में गैर-बैंकिंग कंपनियों (एनबीसी) की बाढ़ जैसी आ गई थी। उस दौरान एनबीसी ने बहुत कम अवधि में रकम दोगुनी करने का लालच देकर लोगों की जमा पूंजी हथिया ली और कई कंपनियां दिवालिया होकर बंद हो गईं। एनबीसी ने आम आदमी के साथ बैंकों का भी नुकसान किया। बैंकों की जमा राशि कम हो गई थी। वर्तमान में भी गैर-बैंकिंग कंपनियां कर्ज बांटने में आगे हैं। राष्ट्रीयकृत बैंक का मुख्य आधार बचत होती है। ब्याज दर बढ़ाने के बावजूद बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट नहीं बढ़ी हैं। बचत नहीं होने पर बैंक निवेश को बढ़ावा नहीं दे सकेंगे। बैंकों की स्थिति में असंतुलन का पूरी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। महंगाई के कारण बचत नहीं कर पाने से मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति भी चिंताजनक हो जायेगी। बैंकों में कर्ज और बचत के संतुलन में सुधार को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

# बैंक कर्मियों ने बैंक प्रबंधन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन ने सोमवार को बैंक प्रबंधन द्वारा हाल ही में किए गए कर्मचारियों के तबादलों तथा कई लंबित मांगों को लेकर बैंक मुखयालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया,बाद में बैंक की विभिन्न शाखाओं से पहुंचे करीब सैकड़ों कर्मचारियों ने मुखयालय में ज्ञापन देने का प्रयास कियाए लेकिन मुखय गेट पर ताला लगाए जाने से कर्मचारी भड? उठे और धरने पर बैठ गए।

बता दें सोमवार की सुबह बैंक की विभिन्न शाखाओं से कर्मचारी नैनीताल पहुंचे थे। कर्मचारियों का आरोप था कि उनके मुखयालय पहुंचने से पहले ही बैंक प्रबंधन ने मुखय गेट बंद करवा दिया। इतना ही नहीं प्रबंधन की ओर से संदेश भेजा गया कि वे अपना ज्ञापन गेट पर ही दें, इससे नाराज कर्मचारी मुखय गेट के सामने धरने पर बैठ गए और बैंक प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसोसिएशन ने बैंक के एचआरएम विभाग पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया। कहा कि तैनाती के नाम पर वरिष्ठ और निष्ठावान कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे हैं जो द्विपक्षीय समझौतों और आरबीआई के दिशा-निर्देशों के विपरीत हैं। नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण साह ने कहा कि पूर्व में बैंक प्रबंधन के साथ हुई वार्ताओं में कर्मचारियों की तैनाती में नियमों की पवित्रता बनाए रखने पर सहमति बनी थी इसके बावजूद स्पेशल असिस्टेंट्स की पोस्टिंग तथा हेड कैशियरों को स्थायी पदनाम देने तथा पीटीएस कर्मचारियों के उत्थान जैसे मुद्दे लंबे समय से लंबित पड़े हैं।कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधन कर्मियों की मांगों का समाधान करने के बजाय यूनियन पदाधिकारियों और सक्रिय कर्मचारियों को निशाना बनाकर उनका उत्पीडन् कर रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि दंडात्मक कार्रवाई और तबादले तत्काल वापस नहीं लिए गए तो बैंक में औद्योगिक अशांति की स्थिति पैदा हो सकती है। यूनियन ने प्रबंधन के एकतरफ । फैसलों का विरोध करते हुए सभी मुद्दों के सौहार्दपूर्ण समाधान की मांग की ताकि बैंकिंग कार्यों में शांति और सामंजस्य बना रहे। बता दें धरना प्रदर्शन दिन भर जारी रहा जिसके बाद शाम करीब साढ़े तीन बजे प्रबंधन ने कर्मचारियों को बुलाकर उनका पत्र स्वीकार किया। दूसरी ओर एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण साह ने बताया कि बैंक प्रबंधन ने उनका पत्र स्वीकार कर लिया है जिसके बाद एसोसिएशन से प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। एसोसिएशन की ओर से 15 दिन का समय दिया गया है। प्रबंधन ने पत्र स्वीकार कर लिया है तथा बातचीत के बाद निष्कर्ष निकाला जाएगा।इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश पंत समेत सुरेश शुकला, रमेश नेगी, तारा सिंह बिष्ट, अजय बिष्ट, राकेश कुमार, सुरेश जोशी, राजेश, निर्मल जोशी, रजत साह, मोहन बिष्ट, अनिल रावत, जेपी सुयाल, दीक्षा घिल्डियाल, पूजा विरमानी, नीता, मनीष धस्माना, हर्ष, कृष्ण कुमार, विजय, संतोष नेगी, रविंद्र नेगी, केएम तिवारी तथा सुनील रौतेला आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीडीओ पांडे ने सारा के 15 योजनाओं की समीक्षा की

**नैनीताल ।** मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में सोमवार को सारा (स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन आथोरिटी) नैनीताल की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुखय विकास अधिकारी के समक्ष सारा परियोजना के सदस्य सचिव द्वारा जनपद नैनीताल में सारा अंतर्गत संचालित योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व से संचालित 15 योजनाओं में हुई प्रगति से अवगत कराया गया। कार्यों की समीक्षा करते हुए मुखय विकास अधिकारी द्वारा संबंधित विकास खंडों के खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने अपने क्षेत्र में पांच-पांच नौलों को चिह्नित कर उन्हें रिचार्ज करते हुए उनका सौंदरीकरण का कार्य किया जाए।उन्होंने कहा कि सूखे गधेरे सूखे जल स्रोत का सर्वे कर स्रोतों को चिन्हित कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाए । सीडीओ ने सारा सचिव को निर्देश दिए गए कि योजनाओं में डुप्लीकेसी ना हो उसके लिए सभी विभागों से पूर्व में ही एनओसी ले लिया जाए।

# कुमंविनि कर्मियों ने मांगों के पूरा नहीं होने पर दी 25 से आंदोलन की धमकी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



सेवानिवृत संयुक्त संघर्ष समिति कुमाऊं मंडल विकास निगम का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर से मिला।

दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम के प्रबंध निदेशक को पौधारोपण अभियान के 665वें दिन पौधा देकर पौधारोपण के साथ सेवानिवृत कर्मचारियों की प्रमुख मांग सेवानिवृत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान करने, न्यूनतम वेतनमान में कार्यरत सेवानिवृति नियमित कर्मचारियों को छठे वेतनमान के ऐरियर का भुगतान करने तथा 2023-24 वर्ष के महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान करने तथा जिन सेवानिवृत कर्मचारियों का अग्रिम निकाला जा रहा है उनका अति शीघ्र समायोजन करते हुए देयकों का भुगतान करने समेत काठगोदाम स्थित शीश महल में फैक्ट्री परिसर में अतिक्रमण को हटाते हुए उक्त स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था कर निगम की आय बढ़ाने तथा सेवानिवृत कर्मचारियों को आवास गृहों में न्यूनतम दर पर आवास मुहैया कराने की मांग रखी गई जिसमें प्रबंध निदेशक ने कहा कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा एक नोटिस सचिव पर्यटन को दिया गया है जिसमें 24 मई तक अगर समाधान नहीं किया जाता है तो उत्तराखंड क्रांति दल निगम के कर्मचारियों के साथ 25 मई से देहरादून और नैनीताल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया जाएगा।प्रबंध निदेशक ने कहा कि नियमितीकरण संबंधी प्रकरण शासन में गतिमान है इस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में समिति के महामंत्री बसंत जोशी, भुवन लाल शाह तथा कुंवर सिंह कार्की उपस्थित रहे वहीं उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल महामंत्री नीरज जोशी व जिलाध्यक्ष कंचन चंदोला भी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अजय देवगन की 'दृश्यम 3' में दिखेगी नई कहानी



*एक्टर मोहनलाल की मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। अब फिल्ममेकर अभिषेक पाठक ने फिल्म के हिंदी वर्जन को लेकर बड़ा खुलासा किया है।*

*एक्टर अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम' काफी पॉपुलर फेंचाइजी है। अब फैंस को इसके तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। मोहनलाल की मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' जल्द ही रिलीज होने वाली है। लेकिन हाल ही में फिल्ममेकर अभिषेक पाठक ने खुलासा किया कि इसका हिंदी वर्जन काफी अलग होने वाला है। अभिषेक पाठक ने हाल ही पिंकविला को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब फिल्म का थोड़ा-बहुत पैचवर्क बाकी है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बातचीत के दौरान अभिषेक पाठक और कुमार मंगत पाठक ने 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी और मोहनलाल के साथ काम करने के अनुभव और हिंदी-मलयालम वर्जन के बीच अंतर को लेकर बात की। अभिषेक ने कहा, 'फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। अभी लोग मलयालम 'दृश्यम' में जो देख रहे हैं, वह अलग है। हिंदी दर्शकों के लिए मैंने एक बिल्कुल अलग ट्रैक तैयार किया है, जो यहां बहुत अच्छे से काम करेगा।*

### अलग होगा हिंदी वर्जन

*उन्होंने आगे बताया कि मलयालम वर्जन ज्यादा फैमिली ड्रामा पर आधारित है, जबकि हिंदी वर्जन को फैमिली थ्रिलर का टच दिया गया है। अभिषेक के मुताबिक, यही इस फिल्म की खासियत होगी। उन्होंने कहा, 'जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा, तब दर्शकों को दोनों फिल्मों की दुनिया में साफ फर्क देखने को मिलेगा।*

# कुमाऊं विश्वविद्यालय में 13 से 15 मई तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग तथा कुलपति प्रो. कर्नल दीवान एस रावत की सक्रिय पहल पर 13 से लेकर 15 मई तक हरमिटेज परिसर में वृहद प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जा रही है। इस दौरान देश की अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों के लिए रोजगार अवसर मुहैया कराएंगे।

बता दें 13 एवं 14 मई को प्रात: 10 बजे से वोडा कैमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तकनीकी पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इस भर्ती अभियान में विशेष रूप से रसायन विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विषय के विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगाए जबकि विज्ञान संकाय के अन्य इच्छुक विद्यार्थी भी इसमें सहभागिता कर सकेंगे।इसके अतिरिक्त 14 एवं 15 मई को दोपहर 1 बजे से सभी स्नातक एवं डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों के लिए सामान्य प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होगी। इस दौरान टाटा इलेट्रॉनिस, एमआरएफ , निडेक, एटीएल बैटरीज, इल्जिन इलेट्रॉनिस सहित जापान में रोजगार अवसर मुहैया कराने वाली कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित अभयर्थियों को नि:शुल्क अथवा रियायती आवास एवं भोजन सुविधा भी प्रदान की जाने का भी प्रावधान रखा गया है। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार अवसर मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इस प्रकार के प्लेसमेंट अभियान विद्यार्थियों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्लेसमेंट सेल निदेशक प्रो दिव्या यू जोशी ने सभी स्नातकोत्तर एवं पीएचडी विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

## News कॉर्नर

### दमुवादूंगा में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवादूंगा इलाके में देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं, हालांकि पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित सैनी ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि दमुवादूंगा क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही थाना काठगोदाम पुलिस टीम तत्काल मल्ला प्लाट स्थित एक निर्माणाधीन भवन में पहुंची। वहां एक व्यक्ति तख्त पर चित अवस्था में पड़ा मिला, जिसके मुंह और नाक के आसपास उल्टीनुमा पीला-लाल पदार्थ दिखाई दे रहा था। मौके पर मौजूद मृतक के भाई ने उसकी पहचान 46 वर्षीय जीवन चन्द्र गंगोला, निवासी जवाहर 'योति, दमुवादूंगा के रूप में की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक लंबे समय से नशे का आदी था और निर्माणाधीन भवन में मजदूरों के साथ रह रहा था।

घटना की सूचना पर पुलिस ने फील्ड यूनिट और 108 एम्बुलेंस को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद युवक को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन, मानदेय बढ़ाने व कर्मचारी दर्जे की उठी मांग

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीयय मांग दिवस के तहत बुधवार को बुद्धपार्क हल्द्वानी में उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान आशा वर्कर्स ने मानदेय बढ़ाने, कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने को संबोधित करते हुए ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि नई श्रम सँहिताएं कार्य समय बढ़ाकर और ठेका प्रथा को मजबूत कर मजदूरों के शोषण को वैध बनाने का काम कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि



मजदूर आंदोलनों को दबाने के लिए सरकार संवाद की जगह दमन का रास्ता अपना रही है। देशभर में मजदूर नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है तथा भय का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के बजाय आंदोलनों को बदनाम किया जा रहा है, जिससे औद्योगिक शांति संभव नहीं है। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि प्रदेश की आशा कार्यकर्ता मातृ-शिशु सुरक्षा समेत स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं को दिन-रात धरातल पर लागू करती हैं, लेकिन उन्हें आज तक न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा आशाओं का मासिक मानदेय 11,500 रुपये करने का वादा किया गया था, लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आंदोलनकारी मजदूरों की रिहाई, श्रम संहिताओं की वापसी, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह, आशाओं को कर्मचारी का दर्जा, अनिवार्य पेंशन, प्रशिक्षण भत्ता, समय पर भुगतान, अस्पतालों में सम्मानजनक व्यवहार और विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पद भरने की मांग की। साथ ही ठेका प्रथा समाप्त कर नियमितीकरण तथा आवश्यक वस्तुओं व एलपीजी की कीमतों पर नियंत्रण की मांग भी उठाई गई। धरना-प्रदर्शन में भाकपा (माले) नेता डॉ. कैलाश पाण्डेय, आशा यूनियन हल्द्वानी अध्यक्ष रिंकी जोशी, उधमसिंहनगर अध्यक्ष ममता पानू, धारी ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी बिष्ट, रामगढ़ अध्यक्ष हेमा आदि रहे।

# सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनी दुकान ध्वस्त, दो पर आज गरजेगा बुलडोजर

सितारगंज
हमारे संवाददाता

सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने वड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। अभियान के तहत तीन दुकानों को ध्वस्त कर कब्जा हटाया जाना था। टीम ने एक दुकान को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। अंधेरा हो जाने के कारण दो अन्य दुकानों को मंगलवार को ध्वस्त किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने चिह्नित अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करा ली। मीना बाजार रोडवेज स्टेशन मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण कार्य लंबे समय से तीन दुकानों के अतिक्रमण के कारण बाधित था। सोमवार को नायब




तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी और लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से एक दुकान का निर्माण ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण कार्रवाई में समय लगने के कारण दो दुकानों का ध्वस्तीकरण मंगलवार को किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया जिससे मौके पर कुछ देर तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित कब्जाधारकों को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण नहीं हटाए गए। अभियान के दौरान अमित सक्सेना, अनंत शर्मा, एसएसआई राजेंद्र मुनियाल, एसआई कैलाश देव, बबीता समेत राजस्व, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की टीम मौजूद रही।

# गोपाल दास बने नैनीताल एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में प्रशासनिक अधिकारी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

स्वतंत्र कंपनी एनसीसी सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत गोपाल दास को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल में पदोन्नति होने पर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

बता दें गोपाल दास स्वतंत्र इकाई कंपनी सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में वर्ष 2010 में पदोन्नति पर आए थे लगभग 16 वर्षों की सेवा के उपरांत उनका उनके पदोन्नति के अवसर पर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रधानाचार्य तथा उप प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक एवं कार्मिकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गोपाल दास ने लगभग 16 वर्षों की सेवा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में एनसीसी कार्यालय में की गई उनके कार्यकाल के दौरान बहुत से एनसीसी के कार्यक्रमों में उनके द्वारा बढ़-चढ़ घर प्रतिभाग किया गया। इनके कार्यकाल के दौरान दो बार 2018 एवं 2026 में सैनिक स्कूल का बैंड ने आरडीसी शिविर में प्रतिभाग किया।

एनसीसी के राष्ट्रीय कायक्रमों में बहुत से एनसीसी केडीटो द्वारा प्रतिभा किया गया एनसीसी के कमान अधिकारी द्वारा विदाई समारोह में बताया गया कि गोपाल दास द्वारा किए गए एनसीसी के कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा उनके द्वारा हमेशा कैडेट के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण कार्य बहुत मेहनत एवं लगन से किए गए।



# सीडीओ पांडे ने किया बसगांव में पेयजल योजना का निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे द्वारा सोमवार को जनपद नैनीताल के अंतर्गत चोपड़ा क्षेत्र के बसगांव में खनन न्यास मद से लगभग 59 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महिला नर्सरी (महिला समूह )चोपड़ा, बसगांव द्वारा जल स्रोत को लेकर दर्ज कराई गई आपत्ति के संबंध में मौके पर स्थिति का जायजा लिया गया। मुखय विकास अधिकारी ने महिला समूह समेत ग्रामवासियों एवं विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पक्षों की सहमति एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु पेयजल सुविधा मुहैया कराई जा सके।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखय विकास अधिकारी द्वारा सारा परियोजना अंतर्गत निर्मित चेक डैम का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिस उद्देश्य से सरकार द्वारा योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है उसका पूर्ण लाभ क्षेत्रीय जनता को मिले इसका विशेष ध्यान रखा जायए विभागीय अधिकारी भी स्वयं समय समय पर क्षेत्र का भ्रमण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता जल संस्थान तथा विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## प्रमोद, सनी व दीपेश कैरम में बने विजेता

अल्मोड़ा। नगर के जौहरी बाजार में स्व. भगवती प्रसाद लोबियाल स्मृति कैरम प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला एकल मुकाबला दीपक वर्मा और प्रमोद कुमार के बीच खेला गया। इसमें प्रमोद कुमार ने आसानी से दीपक वर्मा को 30-4 के अंतर से पराजित किया। वहीं दूसरा एक मुकाबला सनी और खलील के बीच हुआ। सनी ने 30-0 के अंतर से मैच जीता। तीसरा एकल मैच दीपेश वर्मा और अमित वर्मा के आमने-सामने रहे।

# पूर्व दर्जा राज्य मंत्री रईस बने भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के वरिष्ठ नागरिक राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री रईस अहमद कादरी (रईस भाई)को भारतीय किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखण्ड मनोनीत किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस नाथ दादा के सहमति से भारतीय किसान यूनियन के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने एवं जवाबदेह कार्यशैली अपनाने की मंशा से रईस भाई को प्रदेश अध्यक्ष



उत्तराखण्ड पद पर मनोनीत किया गया है।भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष लाल सिंह द्वारा अधोहस्ताक्षरी पत्र तथा यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस नाथ दादा जी के सहमती से पत्र प्रेषित है जिसमें रईस भाई पर यह आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि वो इस पदभार को स्वीकार करते हुए भारतीय किसान यूनियन का प्रचार.प्रसार अपने पद के अनरुप जन जन में पहुचाते हुये भारतीय किसान यूनियन संगठन को उचाईयों पर ले जाने में संबल प्रदान करेंगे।

रईस भाई को यह अहम जिममेदारी मिलने पर पूर्व सांसद डा.महेन्द्र सिंह पाल समेत अनुपम कबडवाल,पान सिंह सिजवाली, राजेन्द्र परगाई,राजेन्द्र व्यास, गॅंस सिंह, नवीन तिवाड़ी, इमरान, डायमण्ड, दिलशाद हुसेन, वकील सलमानी, सचिन नेगी, कैलाश अधिकारी, दिनेश खेतवाल, अंकित चन्द्रा,लीला बोरा तथा बिशन सिंह मेहता ने बधाई दी है।

# स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी करते युवक को पुलिस ने दबोचा,भारी मात्रा में शराब बरामद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी रेनू अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं अपराध रोकथाम के तहत क्षेत्र में चेकिंग कर रही थीं। इसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग होते हुए रायल होटल के पास



एक स्कूटी सवार युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और तेजी से भागने के प्रयास में सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने युवक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सचिन कश्यप निवासी वार्ड नंबर-2 राजपुरा राजेंद्र नगर, बताया। तलाशी लेने पर उसकी स्कूटी से एक गत्ते की पेटी में अंग्रेजी शरण के 41 पव्वे व 48 पाउच माल्टा मसालेदार देशी शराब बरामद हुई। शराब तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह खर्च चलाने के लिए अवैध रूप से शराब बेचता है और पूर्व में भी इसी मामले में जेल जा चुका है.द पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## विकास कार्यों में भेदभाव का लगाया आरोप

अल्मोड़ा। विकासखंड चौखुटिया के दस क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकास कार्यों में भेदभाव और कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि उनके क्षेत्रों में विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है तथा कई जरूरी कार्यों की लगातार उपेक्षा हो रही है। सदस्यों के अनुसार इस मामले को लेकर 18 अप्रैल को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को भी शिकायत भेजी गई थी। इसके बाद 23 अप्रैल को खंड विकास अधिकारी ने दोनों पक्षों के बीच वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया लेकिन बातचीत का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल पाया।